**12/07**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

भारत ने आज ओमान तट के पास वाणिज्यिक पोत जीएफएस गैलेक्सी पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पोत पर सवार 11 भारतीयों में से 10 को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि एक अब भी लापता है। मंत्रालय ने बताया कि ओमान में भारतीय दूतावास स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और खोज तथा बचाव अभियान में ओमान के अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों पर चिंता जताई है। मंत्रालय ने तनाव तुरंत कम करने और कूटनीतिक समाधान के लिए जारी वार्ता को जल्द पूरा करने का आह्वान किया है। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप क्षेत्र के समुद्री मार्गों पर निर्बाध और सुरक्षित नौवहन तथा व्यापार जल्द से जल्द बहाल किये जाने की बात कही है।

0000000000000000000000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज अहमदाबाद में चार सौ पांच करोड़ रुपये की लागत वाली नगर निगम की कई विकास परियोजनाओं का लोकापर्ण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री शाह ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विशाल पौधारोपण अभियान का शुभारंभ भी किया। उनके लोकसभा क्षेत्र गांधीनगर में एक करोड़ पच्चीस लाख से अधिक पौधे लगाए गए।

000000000000000000000

आज नाबार्ड स्थापना दिवस के मौके पर उपमुख्य मंत्री चाउना मेन ने नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट को बधाई दी। उन्होंने ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने, किसानों को सशक्त बनाने, वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने और टिकाऊ विकास का समर्थन करने के लिए बैंक की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, उपमुख्य मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि अरुणाचल प्रदेश में नाबार्ड कृषि, ग्रामीण बुनियादी ढांचे और समुदाय-आधारित पहलों को आगे बढ़ाने में एक अहम भागीदार रहा है और राज्य के समावेशी विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

00000000000000000000

हाल ही में आई बाढ़ और भूस्खलन से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए, राज्यसभा सांसद ताई तागाक, विधायक निनोंग एरिंग और अन्य लोगों की एक उच्च स्तरीय दल ने आज अपर रामले बांग्गो के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। दौरे के दौरान, दल ने प्रभावित गांवों का निरीक्षण किया और सड़क संपर्क, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और कृषि भूमि को हुए भारी नुकसान का आकलन किया। प्रतिनिधिमंडल ने प्रभावित परिवारों से बातचीत करते हुए उनकी शिकायतें सुनी और राहत, बहाली तथा लंबे समय के पुनर्वास के लिए तत्काल जरूरतों की समीक्षा की। दल ने प्रभावित निवासियों को भरोसा दिलाया कि समय पर मदद पहुंचाने और जरूरी सेवाओं व बुनियादी ढांचे की बहाली में तेजी लाने के लिए हर संभव प्रयास की जाएगी।

00000000000000000000

सरकार ने सोशल मीडिया पर चल रही उस फर्जी तस्वीर का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से वाहन के ईंधन टैंक में समस्या हो सकती है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने इस दावे को झूठा बताया है। कार्यालय ने कहा कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि तेल विपणन कंपनियों द्वारा आपूर्ति किया जाने वाला ई20 पेट्रोल भारतीय मानक ब्यूरो के निर्धारित मानकों के अनुरूप है। मंत्रालय ने कहा कि निर्धारित मानकों के अनुरूप होने पर इथेनॉल और पेट्रोल पूरी तरह से घुलनशील होते हैं। मंत्रालय ने यह भी आश्वासन दिया कि भारत में आपूर्ति किया जाने वाला इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल उच्च गुणवत्ता मानकों का पालन करता है और उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराए जाने से पहले इसका गहन परीक्षण किया जाता है।

0000000000000000000

मौसम विभाग ने ईस्ट कामेंग, पापुमपारे और अंजाव ज़िलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन ज़िलों में कुछ जगहों पर बिजली कड़कने के साथ आंधी-तूफान और भारी बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा, बीस ज़िलों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है।

000000000000000000000

फीफ़ा वर्ल्ड कप में, इंग्लैंड ने नॉर्वे को एक्स्ट्रा टाइम में 2-1 से हराकर सेमीफ़ाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली, जबकि अर्जेंटीना ने आज सुबह स्विट्ज़रलैंड को 3-1 से हराकर सेमीफ़ाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफ़ाइनल में बुधवार को फ़्रांस और स्पेन का मुक़ाबला होगा।

यह मैच भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे शुरू होगा। दूसरा सेमीफ़ाइनल गुरुवार को इंग्लैंड और अर्जेंटीना के बीच भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे खेला जाएगा। दोनों सेमीफ़ाइनल के विजेता 20 जुलाई को न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी स्टेडियम में फ़ीफ़ा वर्ल्ड कप फ़ाइनल में आमने-सामने होंगे। हारने वाली टीमें 19 जुलाई को मियामी में तीसरे स्थान के लिए प्ले-ऑफ़ मैच खेलेंगी।

0000000000000000000000000000

पुरुष क्रिकेट में, इंग्लैंड ने कल रात साउथेम्प्टन में पांचवें और अंतिम टी20 मैच में भारत को छप्पन रनों से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला 4-0 से जीत ली। इंग्लैंड ने भारत के सामने दो सौ अठ्ठावन रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में भारत 20 ओवर में 8 विकेट पर दो सौ एक रन ही बना सका

0000000000000000000